>

Title: Regarding provident Fund of tea garden workers in West Bengal-Laid

**श्री जॉन बर्ला (अलीपुरद्वारस):** आज मैं चाय बागान के मजदूरों के पी.एफ. संबंधी ज्वलंत मुद्दे को आपके समक्ष रखना चाहता हूँ जिसका सीध संपर्क हमारे चाय बागान में रहने वाले हर उन मजदूरों से हैं जिनके हक की कमाई को मजदूरों से दूर रखा जा रहा है उनमें से कुछ मुख्य बातों को आपके समक्ष रख रहा हूँ ।

1. आधारकार्ड पर उनका नाम सही होने के कारण बहुसंख्यक मजदूरअपनी जीवन की जमा पूंजी पी.एफ. के पैसों को निकाल ही नहीं पाते ।
2. विगत कुछ वर्षों से पी.एफ. डिपार्टमेंट मजदूरों के पैसों को उनकेअकाउंट में जमा करने का काम ही नहीं कर रही है ।
3. चाय बागान के मालिकों द्वारा आज भी 100 करोड़ रुपयों से भीज्यादा बकाया पी.एफ.

डिपार्टमेंट को जमा न देना भी एक प्रमुख कारण है ।

उक्त अनियमितताओं की संपूर्ण जानकारी होने के बावजूद भी वर्तमान पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा उनके ऊपर कोई कानूनी कार्यवाही ही नहीं की जाती है । जिसकी वजह से हजारों मजदूर अपने रिटायरमेंट के पश्चात अपनी जिन्दगी के अंतिम समय तक भी अपने पी.एफ. को निकाल ही नहीं पाते हैं ।अतः आपसे सादर निवेदन है कि उक्त विषयों की जानकारी लेकर आने वाले समय में चाय मजदूरों के हित में एक मजबूत कानून बनाकर जल्द से जल्द इनके हितों की रक्षा की जाय जिससे कि चाय बागान मजदूर अपने पी.एफ. को आसानी से निकाल सकें एवं अपने परिवार की जरूरतों एवं सपनों को पूरा कर सके ।